उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा


## नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 24.04.2025 को नवागत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।



## नवागत पुलिस अधीक्षक, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपद महोबा पुलिस का कार्यभार ग्रहण किया गया-

दिनांक- 23.04.2025 की देर रात्रि को श्री प्रबल प्रताप सिंह (IPS) ने महोबा के नवागत पुलिस अधीक्षक के रूप में पदभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात् पुलिस लाइन अवस्थित गेस्ट हॉउस में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक की, जिसमें उन्होंने जनपद महोबा की भौगोलिक, सामाजिक एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित पृष्ठभूमि की जानकारी प्राप्त की।

इस अवसर पर श्री प्रबल प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि जनता में कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई, अपराध पर नियंत्रण, एवं पुलिसिंग में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वे प्रतिबद्ध हैं।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा आमजन की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता के साथ किया जाए।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे, आर.आई. श्री शिवकुमार, वाचक श्री सन्तोष कुमार दुबे, प्रभारी एलआईयू निरीक्षक श्री राजीव कान्त, प्रधान लिपिक श्रीमती शशि तोमर, सीए श्री जाकिर हुसैन, पीआरओ श्री विषय देव बुन्देला, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर श्री अर्जुन सिंह, प्रभारी स्वाट/सर्विलांश श्री शिवप्रताप सिंह, श्री रवि कुमार सिंह, सीआरके सुनील यादव सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 24.04.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## नवागंतुक पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय की समस्त शाखाओं का किया गया औचक निरीक्षण, दिए गए आवश्यक निर्देश-

आज दिनांक- 24.04.2025 को नवागंतुक पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा की समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा वाचक कार्यालय, प्रधानलिपिक शाखा, आंकिक शाखा, क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय, शिकायत प्रकोष्ठ, आईजीआरएस शाखा, सीसीटीएनएस शाखा, मॉनिटरिंग सेल, एल.आई.यू. शाखा सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय अवस्थित समस्त शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान नवागंतुक पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित शाखा की विभिन्न पत्रावलियों के रखरखाव, लम्बित प्रकरण सहित शाखा में साफ-सफाई का स्तर उच्च बनाये रखने एवं अभिलेखों को अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया, शाखाओं में नियुक्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निष्ठा, मेहनत, लगन व समर्पण की भावना से अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वन्दना सिंह, वाचक पुलिस अधीक्षक श्री सन्तोष कुमार दुबे, पीआरओ श्री विषय देव बुन्देला, प्रभारी एलआईयू श्री राजीव कान्त सहित पुलिस कार्यालय में नियुक्त समस्त शाखाओं के शाखा प्रभारी एवं सम्बन्धित कर्मचारीगण उपस्थित रहे।







